राज्य सैनिक कल्याण, हिमाचल प्रदेश , हमीरपुर सैनिक – छात्रालय के निधि लेखाओं का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन ।

अवधि 4/2004 से 3/2006

भाग – एक

1. *गत अंकेक्षण :–*

संस्था के गत अंकेक्षण प्रतिवेदन पर की गई कार्यवाही का अवलोकन करने के पश्चात नवीनतम स्थिति निम्न प्रकार से थी अतः शेष–अनिर्णीत – पैरों के शीघ्र निपटारे हेतु आवश्यक कार्यवाही करके अनुपालना से इस विभाग को शीघ्र अवगत करवाया जाये ।

*(क)* *अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/85 से 3/90*

पैरा 5(ए,बी,सी,डी, व ई ) अनिर्णीत

*(ख)* *अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/91 से 3/92*

पैरा 5(1) निर्णीत

पैरा 5(2) निर्णीत

*(ग)* *अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/92 से 3/93*

पैरा 5(1) निर्णीत

पैरा 5(3) अनिर्णीत

*(घ)* *अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/2001 से 3/2002*

पैरा 5 अनिर्णीत

*(ङ)* *अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/2003 से 3/2004*

पैरा 3 निर्णीत

पैरा 5 निर्णीत

## *भाग – दो*

**2.** ***वर्तमान अंकेक्षण :–***

राज्य सैनिक कल्याण , हमीरपुर , हिमाचल प्रदेश हमीरपुर के सैनिक छात्रालय के निधि लेखाओं अवधि 4/2004 से 3/2006 तक का अंकेक्षण श्री विद्याा सागर लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 23.8.2006 से 26.8.2006 तक हमीरपुर में किया गया । मास 7/04, 3/05, 10/05 व 2/06 के लेखाओं का चयन विस्तृत जांच हेतु किया गया । अंकेक्षण के परिणामों को अनुवर्ती पैरों में समाविष्ट किया गया है । अंकेक्षण के दौरान समस्त अभिलेख समय पर उपलब्ध करवाया गया।

**3** ***अंकेक्षण शुल्क :–***

संस्था के सैनिक छात्रालय  निधि के लेखाओं अवधि 4/2004 से 3/2006 तक का अंकेक्षण का अंकेक्षण शुल्क का आंकलन 2000/– रू0 बनता था , निदेशक ,राज्य सैनिक कल्याण हिमाचल प्रदेश हमीरपुर को अंकेक्षण अधियाचना संख्या : 176 दिनांक 4.9.2006 के द्वारा , अंकेक्षण शुल्क की राशि को रेखांकित बैंक ड्राफट के द्वारा 'परीक्षक, स्थानीय निधि लेखा , हिमाचल प्रदेश , शिमला – 9 को प्रेषित करने का अनुरोध किया गया। तदानुसार अंकेक्षण शुल्क की राशि को स्टेट बैंक ऑफ पटियाला के बैंक ड्राफट संख्या 275723 दिनांक 8.9.2006 के द्वारा परीक्षक, स्थानीय निधि लेखा , हिमाचल प्रदेश , शिमला – 9 को भेज दिया गया ।

**4.** ***वितीय स्थिति :–***

***(क)*** राज्य सैनिक कल्याण , हिमाचल प्रदेश , सैनिक छात्रालय निधि के लेखाओं अवधि 4/2004 से 3/2006 तक का पूर्ण एवं विस्तृत वितीय स्थिति का ब्यौरा निम्न प्रकार से था:–

| | 2004–2005 | 2005–2006 |
|---|---|---|
| प्रारम्भिक शेष | 3821603.76 | 3963392.94 |
| आय | 316000.18 | 254086.25 |
| योग | 4137603.94 | 4217479.19 |
| व्यय(–) | 174211.00 | 8151.00 |

| | | |
|---|---|---|
| अन्तिम शेष | 3963392.94 | 4209328.19 |

***(ख) अन्तिम शेष का विवरण :–***

उपरोक्त पैरा – 4(क) के अनुसार दिनांक 31.3.2006 को अन्तिम शेष मु0 4209328.19 रू0 था जिस का विस्तृत विवरण निम्न प्रकार से था :–

| | |
|---|---|
| 1. परिशिष्ट ''क'' के अनुसार विभिन्न बैंकों के बचत खातों में जमा राशि | 1299328.19 |
| 2. परिशिष्ट ''ख के अनुसार विभिन्न बैंकों के सावधि जमा खातों में जमा राशि | 2910000.00 |
| 3. हस्तागत राशि | –शुन्य– |
| योग | 4209328.19 |

***5. किराये की वसूली :–***

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि संस्था द्वारा निम्न विवरणानुसार सैनिक – छात्रालयों का देय बकाया किराया वसूल नहीं किया गया था । अतः किरासे की शीघ्र वसूली हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाए और अनुपालना आगामी अंकेक्षण के दौरान दिखाई जाए ।

| क0सं0 | छात्रालय का नाम | देय किराये की अवधि | देय राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | उना | 2005–2006 | 59100.00 |
| 2 | शिमला | 2005–2006 | 61920.00 |
| | | योग | 121020.00 |

**6** ***लघु आपति विवरणिका :–***

संस्था को अंकेक्षण के दौरान कोई भी लघु आपति विवरणिका जारी नहीं की गई है ।

**6** ***निष्कर्ष :–***

संस्था के इस निधि के लेखाओं का रख–रखाव सन्तोषजनक पाया गया ।

उप निदेशक,,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हि0प्र0 शिमला –171009

पृष्ठांकन संख्या : 14(23)/75 फिन (एल0ए0)खण्ड–12 दिनांक : शिमला –9
प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–
पंजीकृत :–

1. निदेशक , राज्य सैनिक कल्याण , हमीरपुर को इस आशय के साथ प्रेषित है कि वह इस अंकेक्षण प्रतिवेदन पर की गई कार्यवाही का सटिप्पण उतर इस विभाग को अतिशीघ्र भेजें ।

2. संयुक्त सचिव , सामान्य प्रशासन विभाग , हि0प्र0 , शिमला –2

उप निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हि0प्र0 शिमला